'शुगर इंडस्ट्री में टर्नअराउंड के संकेत'

मुंबईः डोमेस्टिक शुगर इंडस्ट्री ने टर्नअराउंड के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कीमतों में बढ़ोतरी, बफर स्टॉक में कमी और खपत में लगातार बढ़ोतरी से ऐसा दिख रहा है। रेटिंग एजेंसी केयर के मुताबिक, पिछले दो शुगर सीजन से इंडस्ट्री में हालात चुनौतीपूर्ण थे और कीमतों में अस्थिरता का माहौल था, लिहाजा शुगर मिल मालिकों को मार्जिन नहीं मिल पा रहा था। रेटिंग एजेंसी ने शुगर सीजन 2015-16 में अनुकूल माहौल के मद्देनजर मीडियम टर्म में इस इंडस्ट्री का आउटलुक स्थिर रहने की उम्मीद जताई है। शुगर सीजन का साल 1 अक्टूबर से 30 सितंबर तक का रहता है। केयर रेटिंग्स का कहना है कि डोमेस्टिक मार्केट को 2016-17 के सीजन में शुगर प्रॉडक्शन 2.33 करोड़ टन से बढ़कर 2.52 करोड़ टन हो जाने की उम्मीद है।